the driver has to immediately tell two staff members about the compressor or the traction motor is not being in working order so that immediately they can communicate the message to V. T. Station. By this measure, when the train comes on platform No. 1, there will be no occasion or cause to announce that the same train will be going from another platform and passengers should shift to another platform. If that psychological factor is taken into account, all the trouble will be over.

SHRI R. K. MHALGI: May I know from the hon. Minister whether there is any phased programme regarding replacement of various parts that have been mentioned now?

PROF. MADHU DANDAVATE: I have already booked an order for imported materials and we hope that by February we will be able to get the first consignment of some of the components. They are only spares. But as far as replacement is concerned, they will be completely replaced by indigenous parts.

**श्रीमती मृणाल गोरे :** अध्यक्ष महोदय, मैं जानती हूं कि मंत्री महोदय ने दबाव में कहा है और यह बात सही है कि सैंट्रल रेलवे में जो इंस्टांस हुआ, गये 6 महीने में वैसा वैस्टर्न रेलवे में नहीं हुआ, लेकिन मैं उनसे जानना चाहती हूं कि क्या वे जानते हैं कि 1980 तक वैस्टर्न रेलवे में कोई नये रेक्स नहीं आ रहे हैं और अगर इसी प्रकार से चलेगा तो वैस्टर्न रेलवे की परिस्थिति भी बहुत खराब हो जायेगी ?

सबर्बन रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी में पिछले महीने एक राय से प्रस्ताव पारित हुआ कि वैस्टर्न रेलवे में जो रेक्ज की मांग है, वह पूरी करने के लिये कदम उठाये जायें, मैं जानना चाहती हूं कि क्या मंत्री महोदय इसके बारे में कोई आश्वासन दे सकते हैं ? अगर रेक्ज कम मैन्युफैक्चर हो रहे हैं तो क्या वह इम्पोर्ट करेंगे जिससे वैस्टर्न रेलवे को भी इसमें प्रैफरेंस मिल सके ? क्या इस बारे में वह कुछ कार्यवाही करेंगे ?

**प्रो० मधु दंडवते :** माननीया सदस्य वैस्टर्न रेलवे के सबर्बन में रहने वाली महिला हैं इसलिये उनको वैस्टर्न रेलवे की ज्यादा फिक्र है यह मैं जानता हूं । यह भी मुझे जानकारी है कि वहां के सबर्बन पैसेन्जर्स एसोसियेशन ने एक राय से मांग की है कि 1980 तक उनको रेक्ज दिये जायें, अगर उससे पहले मिल सके तो ठीक होगा लेकिन कम-से-कम 1980 तक भी हो जायें तो ठीक होगा । आगे इस प्रकार की तकलीफ वैस्टर्न रेलवे में न हो जाये इसलिये हम रेक्ज का इन्तजाम करने की कोशिश करेंगे, ऐसा मैं आश्वासन देता हूं ।

**Bursting of Gas Cyclinders in Delhi**

\+

133. SHRI KACHARULAL HEMRAJ JAIN:
SHRIMATI MOHSINA KIDWAI:

Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a truck-load of domestic gas cylinders had burst out in Kotla Mubarakpur, New Delhi; on 10th October; 1978 and caused great public panic in the area;

(b) the reasons for the bursting of gas cylinders; and

(c) the loss of life and wealth as a result thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): (a) A truck loaded with 250 domestic cooking gas cylinders was being brought from the Indian Oil Corporation's Shakurbasti (Delhi) bottling plant on 10th October, 1978. The cylinders were to be delivered to the distributing agent at Bapu Park; Kotla Mubarakpur New Delhi. The truck caught fire leading to the bursting of a large number of cylinders.

(b) The exact cause of the fire and explosion is still under investigation by the Controller of Explosives, Agra. Preliminary investigations tend to show leakage of gas from filled cylinders. These cylinders appear to have got ignited from an external source of fire likely to have been brought into the truck carrying the cylinders.

(c) The total estimated loss of property is about Rs. 1.5 lakhs. This in-

cludes the loss of cylinders demaged in the fire, the cost of the truck, product loss and partial damage to the godown structure of the distributor. There was no loss of life.

**श्री कचरूलाल हेमराज जैन :** प्रश्न के उत्तर में यह बताया गया है कि कोटला मुबारकपुर के एजेन्ट को जो गैस सिलैंडर जा रहे थे तो जिस ट्रक में वह सिलैंडर थे उसमें गोदाम से 5 मीटर की दूरी पर आग लग गई। मैं जानना चाहता हूं कि जिन एजेन्टों को यह गैस सिलैंडर जा रहे थे, क्या उनके पास अथोराइज्ड गोदाम हैं जिनको कि पास किया है ? एक अखबार में लिखा है कि उनके पास अथोराइज्ड गोदाम नहीं हैं और ऐसी जगह गोदाम बना हुआ है जहां कि जन-साधारण रहते हैं और अन-अथोराइज्ड गोदाम में गैस सिलेंडर रखे जाते हैं। क्या इसकी जांच करा कर वहां के जन-जीवन को सुरक्षित करने की व्यवस्था करेंगे ?

**श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा :** एजेन्ट ने यह गोदाम कोटला मुबारकपुर में 1975 में बनाया था और उस समय उसने चीफ कन्ट्रोलर आफ एक्सप्लोसिब्ज, नागपुर की इजाजत से बनाया था। साथ ही उस समय आस-पास कोई घर नहीं थे जो कि बाद में बन गये। इसलिये यह बात सही है कि आज उसके चारों तरफ घर बहुत सारे हो गये हैं, लेकिन यह गोदाम उसके पास जाप्ते का बना हुआ मौजूद है, यह भी प्रमाणित बात है।

**श्री कचरूलाल हेमराज जैन :** विवेक गैस सर्विस और ज्वाला गैस कम्पनी के पास क्या अथोराइज्ड गोदाम हैं ?

**श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा :** जी हां।

### Railway tracks damaged due to Floods in W. Bengal

*134. PROF. DILIP CHAKRAVARTY:
SHRI JYOTIRMOY BOSU:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether he is aware that a large part of Railway tracks has been damaged as a result of the recent floods in the country;

(b) if so, what is the extent of damage in terms of figures (state-wise);

(c) how much damage has been there alone in West Bengal;

(d) how much time Government will take to repair the loss; and

(e) the quantum of money already spent and the further amount required for the operation?

THE MINISTER OF RAILWAYS (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) Yes, Sir.

(b) to (e). A statement is laid on the table of the House.

#### Statement

(b) to (e). Information regarding loss suffered due to floods is not compiled State-wise but Railway-wise. The physical loss (excluding loss due to traffic earnings) suffered Railway-wise due to recent floods (from 1-9-78 to 31-10-78) is, however, estimated as follows:

(Figures in lakhs of Rs.)

| Railway | Physical loss |
|---|---|
| Central | 1·52 |
| Eastern | 442·00 |
| Northern | 183·94 |
| North Eastern | 47·38 |
| Northeast Frontier | |
| Southern | 0·55 |
| South Central | . |
| South Eastern | 305·00 |
| TOTAL | 980·39 (About 10 crores) |

Despite the unprecedented and extensive devastating flood damage, with the exception of a few unimportant branch lines or narrow-gauge sections on the Eastern and Northern Railways and the third line between Kulgachia and Panskura on Howrah-Kharagpur Section of S.E. Railway, restoration work on all other sections has already been completed and the traffic thereon resumed. Restoration work on the remaining lines is expected to be com-